प्रादेशिक समाचार

16.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वाराणसी से पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के लिए लगभग 20 हजार करोड़ रुपये जारी करेंगे। ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा गया है।

****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आज सरायकेला–खरसावां और पूर्वी सिंहभूम जिले के दौरे पर हैं। अपने दौरे के क्रम में श्री सोरेन अब से थोड़ी देर बाद सरायकेला में आयोजित कार्यक्रम में कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे। इसके बाद श्री सोरेन जमशेदपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां करोड़ों रूपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन करेंगे। इसके अलावा लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे।

****

केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि रांची को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाया जाएगा। दूरदर्शन से खास बातचीत में श्री सेठ ने कहा कि राज्य में हर क्षेत्र में विकास की पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही अगले सौ दिनों का रोड मैप पब्लिक डोमेन में जारी किया जाएगा।

****

राज्य में कल मनाये जाने वले ईद उल अजहा, बकरीद पर्व को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि सभी जिलों में अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है और कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

****

रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में दो जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 70 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 20 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और युवा एवं खेलकूद मंत्री हफीजुल हसन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

****

देवघर–जसीडीह रोड स्थित डढ़वा नदी पुल से एयरपोर्ट के इमरजेंसी गेट तक 12 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा।

****

देवघर स्थित बाबा धाम मंदिर में गंगा दशहरा के अवसर पर आज सवेरे से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। लोग कतारबद्ध होकर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलार्पण कर रहे हैं। मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने बताया कि श्रद्धालुओं के सुलभ दर्शन को लेकर सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को कतार में होकर जलार्पण करने में कोई परेशानी नहीं हो। इधर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। ऐसी मान्यता है कि आज के दिन ही मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था, जिसके बाद से गंगा दशहरा मनाया जाता है।

****

टी–20 विश्व कप क्रिकेट में, कल भारत और कनाडा के बीच मैच वर्षा के कारण रद्द हो गया। मैच में एक भी गेंद नहीं डाली जा सकी और दोनों टीमों को एक–एक अंक मिले। प्रतियोगिता में भारत 7 अंकों के साथ अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। कनाडा की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है। भारता का अगला मुकाबला अफगानिस्तान से बीस जून को होगा।

****

राज्य में मॉनसून प्रवेश करने में करीब एक सप्ताह लग सकता है। रांची स्थित मौसम केंन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि 23 से 25 जून तक राज्य में मॉनसून प्रवेश कर सकता है। इधर, राज्यभर में तेज धूप के साथ उमस और गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज गढ़वा, पलामू, सरायकेला और पश्चिमी सिंहभूम जिले में हीट वेव चलने की संभावना है। इसके लिए अलर्ट जारी किया गया है। इधर राज्य के उत्तर पूर्वी, मध्य और दक्षिणी हिस्सों में बारिश की संभावना है।

******समाप्त************